>

Title: Issue regarding band service provided by BSNL in Eastern Uttar Pradesh.

श्री अरविन्द कुमार चौधरी (बस्ती): महोदय, आपने शून्य काल में मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान पूर्वी उत्तर प्रदेश में भारत संचार निगम लिमिटेड द्वारा संचालित खराब और प्रतिदिन गिरती हुयी साख की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं। महोदय, मैं पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोकसभा क्षेत्र बस्ती से निर्वाचित होकर आया हूं। मेरे यहां आए दिन शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक बीएसएनएल की प्री एवं पोस्ट पेड मोबाइल सेवा पर बात करना मुश्किल है। कुछ ग्रामीण अंचल के एक्सचेंजों की हालत तो और भी बद्तर है। वहां काम करने वाले कर्मचारी और अधिकारियों की मिलीभगत से जनरेटर की सुविधा हेतु मिलने वाले डीजल की बिक्री बाजार में कर दी जाती है और एक्सचेंज और टावरों को भगवान भरोसे छोड़ दिया जाता है। एक तरफ इस प्रतिस्पर्धा के युग में खराब सेवा देने के कारण ही देश की सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी की माली हालत दिन पर दिन खराब होती जा रही है। पिछले पांच सालों में ग्राहकों से जुड़ने-हटने का अगर आंकड़ा देखा जाए, तो सर्वाधिक मोबाइल धारकों ने सबसे पहले बीएसएनएल की सेवा ली थी लेकिन बाद में वे किसी अन्य कंपनी की सेवा लेने लगे हैं। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि देश की सबसे बड़ी टेलीफोन सेवा कंपनी की गिरती हुयी साख को बचाने एवं जनता के हित को ध्यान में रखकर, इसकी हालत में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि जनता का विश्वास इस कंपनी के प्रति बना रहे। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, बहुत-बहुत धन्यवाद।